खबरों में रहे स्टॉक

लार्सन ऐंड टुब्रो

दिग्गज इन्फ्रा कंपनी को दुबई में लतीफा बिंत हमदान कॉरिडोर के विकास का ठेका मिला

₹ 3,751.0 पिछला बंद भाव
₹ 3,755.1 आज का बंद भाव
0.1 % ▲

कोफोर्ज



ग्राहकों के लिए एजेंटिक सीएक्स ऑर्केस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म सीएक्स नोवा लॉन्च किया

₹ 1,721.0 पिछला बंद भाव
₹ 1,752.0 आज का बंद भाव
1.8 % ▲

एचईजी एडवांस्ड मैटेरियल्स



संचार ढांचे से जुड़ी बीईएसएस सेवाओं के लिए इंडस टावर्स के साथ किया करार

₹ 238.7 पिछला बंद भाव
₹ 237.4 आज का बंद भाव
-0.5 % ▼

केपीआई ग्रीन एनर्जी

गुजरात में 507.9 मेगावाट चालू पवन ऊर्जा संयंत्र खरीदने के लिए बाइंडिंग ऑफर में शामिल

₹ 371.3 पिछला बंद भाव
₹ 359.0 आज का बंद भाव
-3.3 % ▼

ट्रांसरेल लाइटिंग

ट्रांसमिशन लाइन निर्माण और क्षमता विस्तार के लिए 574 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले

₹ 452.1 पिछला बंद भाव
₹ 477.3 आज का बंद भाव
5.6 % ▲

संक्षेप में

एलऐंडटी इन्फ्रा को दुबई में बड़े ठेके मिले

एलऐंडटी ने घोषणा की है कि उसके ट्रांसपोर्टेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्टिकल ने लातिफा बिंत हमदान कॉरिडोर के विकास के लिए दुबई की रोड्स ऐंड ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (आरटीए) से 3,500 करोड़ रुपये से अधिक के दो अनुबंध किए हैं।
पहले अनुबंध में अल खैल रोड को लातिफा बिंत हमदान स्ट्रीट के विस्तार से जोड़ने वाली एक नई सड़क का निर्माण शामिल है। इसमें पुलों, सुरंगों और सड़कों का निर्माण भी किया जाएगा। कंपनी ने कहा, 'इससे अल खैल रोड, लातिफा बिंत हमदान स्ट्रीट और अल मेदान स्ट्रीट के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी।' दूसरे अनुबंध में अल मेदान स्ट्रीट के कुछ हिस्सों का विकास किया जाएगा, जिसमें एक नए इंटरचेंज और धरातल पर संबंधित सड़कों का निर्माण शामिल है। इनसे क्षेत्र में चल रही अन्य विकास परियोजनाओं पर बेहतर ढंग से काम हो सकेगा और यातायात होगा। *बीएस*

वेदांत ने जुटाए 2,000 करोड़ रुपये

वेदांत लिमिटेड ने निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर 2,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी सूचना में कहा कि इस राशि का इस्तेमाल वित्त पोषण के स्रोतों में विविधता लाने और मौजूदा कर्ज के पुनर्गठन के साथ बहीखाते को मजबूत बनाने के लिए किया जाएगा। वेदांत ने कहा, 'कंपनी की निदेशकों की समिति ने निजी नियोजन के आधार पर एक-एक लाख रुपये के अंकित मूल्य वाले कुल 2,00,000 बिना गारंटी वाले, विमोच्य, रेटिंग प्राप्त और सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के आवंटन को मंजूरी दी है, जिनका कुल मूल्य दो हजार करोड़ रुपये है।' कंपनी ने इससे पहले एक बयान में कहा था कि 30 जून, 2026 तक उसका शुद्ध कर्ज 8,299 करोड़ रुपये था। वेदांत धातु, महत्त्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख वैश्विक उत्पादक कंपनी है। *भाषा*

रिलायंस ने बॉन्ड के जरिये जुटाए 13,000 करोड़ रुपये

अंजलि कुमारी और सुब्रत पांडा
मुंबई, 30 सितंबर

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने 7.90 प्रतिशत कूपन दर पर 10 साल के बॉन्ड के जरिये 13,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके साथ ही, इस महीने कंपनी ने कुल 25,000 करोड़ रुपये की उधारी बॉन्ड के जरिए जुटाई है। यह रकम ऐसे समय जुटाई गई है जब यह संभावना बनी हुई है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरें बढ़ा सकता है जिससे उधारी लागत में भी वृद्धि हो सकती है।

नवीनतम निर्गम में 3,500 करोड़ रुपये एंकर निवेशकों को आवंटित किए गए और इनमें बड़े म्युचुअल फंडों और बीमा कंपनियों ने हिस्सा लिया। बाकी 9,500 करोड़ रुपये नॉन-एंकर हिस्से के जरिये जुटाए गए। इससे पहले आरआईएल ने इस महीने की शुरुआत में 12,000 करोड़ रुपये के पांच-साल के बॉन्ड जारी किए थे। उनकी कूपन दर 7.47 प्रतिशत थी। खबर है कि कंपनी एक बड़े सिक्योरिटाइजेशन ट्रांजैक्शन (भविष्य में आने वाले पक्की रकम को रेहन रखकर मोटा फंड जुटाने) पर भी विचार कर रही है।

आरआईएल का लंबे समय के लिए कोष जुटाने का फैसला ऐसे समय आया है जब बॉन्ड बाजार पर सख्त मौद्रिक नीति की संभावना, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, रुपये पर दबाव और वैश्विक बॉन्ड यील्ड बढ़ने का दबाव बना हुआ है। 7.90 प्रतिशत की दर वाले 10 साल की परिपक्वता वाले आरआईएल के बॉन्ड का अंतर मौजूदा सालाना 10-साल के सरकारी बॉन्ड यील्ड (जो लगभग 7.25 प्रतिशत है) के मुकाबले लगभग 65 आधार अंक है। यह अंतर 7.16 प्रतिशत के सेमी-एनुअलाइज्ड बेंचमार्क यील्ड के मुकाबले लगभग 74 आधार अंक है।

रॉकफोर्ट फिनकैप एलएलपी के संस्थापक और मैनेजिंग पार्टनर वेंकटकृष्णन श्रीनिवासन ने कहा, 'बाजार में आरबीआई द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की उम्मीदें तेज होने के बावजूद, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 7.90 फीसदी की दर से 10 साल के बॉन्ड के माध्यम से 13,000 करोड़ रुपये जुटाने का फैसला किया है जो ब्याज दर चक्र के सही समय का इंतजार करने के बजाय फंडिंग की निश्चितता को प्राथमिकता देने का कदम है।' कच्चे तेल की कीमतों में कमी, भू-राजनीतिक तनाव कम होने और महंगाई का दबाव घटने से सरकारी बॉन्ड यील्ड कम हो सकती है, जिससे आरआईएल को भविष्य में कम लागत पर फंड जुटाने का मौका मिल सकता है। हालांकि, लंबी अवधि की फंडिंग तय करने से बड़ी उधारी लेने वाले को ऐसे समय निश्चितता मिलती है, जब ब्याज दरों की दिशा अनिश्चित बनी हुई है। यदि यील्ड और बढ़ती है, तो आरआईएल मौजूदा स्तरों पर फंडिंग सुरक्षित करने से फायदे में रहेगी।

निर्गम में 3,500 करोड़ रु. एंकर निवेशकों को

- एक महीने में आरआईएल ने रुपये में जारी बॉन्ड के जरिये 25,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं,जो घरेलू बॉन्ड बाजार से उसकी अब तक की सबसे बड़ी मासिक उधारी है
- आरआईएल ने इस महीने की शुरुआत में पांच साल के बॉन्डों के जरिए 12,000 करोड़ रुपये जुटाए थे
- तेल की कीमतों में कमी, भू-राजनीतिक तनाव कम होने और महंगाई घटने से सरकारी बॉन्ड यील्ड कम हो सकती है

सवाल जवाब

'एआई ने ग्राहक की औसत खरीदारी 35% बढ़ाई'

वॉलमार्ट के ग्लोबल चीफ टेक्नॉलजी ऑफिसर (सीटीओ) सुरेश कुमार ने कहा है कि एआई ने दुनिया के सबसे बड़े रिटेलर को ऑनलाइन ग्राहक जुड़ाव और डेवलपर उत्पादकता में सुधार लाने में मदद की है। अभीक दास के साथ साक्षात्कार में सुरेश कुमार ने भारत के प्रौद्योगिकी केंद्र की भूमिका और एआई से डिलिवरी समेत तमाम गतिविधियों के बारे में बातचीत की। मुख्य अंश:

एआई किस तरह वॉलमार्ट के अपने ग्राहकों के साथ जुड़ने के तरीके को बदल रहा है?
हम एआई के जरिये अपने ग्राहकों की सेवा करने के नए तरीके खोज रहे हैं। हम एआई की मदद से अपना बिजनेस चलाने और निर्माताओं से लेकर वेयरहाउस और स्टोर तक अपने उत्पाद पहुंचाने के तरीकों में बदलाव ला रहे हैं। एआई न सिर्फ अनुभव को समझने और उसे व्यक्तिगत बनाने में मदद करता है, बल्कि आप जो करने की कोशिश कर रहे हैं, उसके संदर्भ को समझने में भी मदद करता है। दूसरी बात यह है कि एआई जानकारी और विचारों तक पहुंच को आसान बना रहा है।

एआई आधारित ऐसे नए फीचर कौन से हैं जो सच में इसे दूसरों से अलग बनाते हैं?
हमने स्पार्की लॉन्च किया है। यह एक एआई-आधारित एजेंट है और एक ग्राहक के तौर पर आपकी मदद करता है। स्पार्की के साथ आपको एक-एक करके अलग-अलग उत्पाद खरीदने की जरूरत नहीं है। एआई में संदर्भ को समझने की क्षमता होती है, इसलिए आप उसे बता सकते हैं कि आप असल में क्या करना चाहते हैं। हमारे पास 'कोड पप्पी' भी है, जो एक एआई टूल है।

एजेंट्स के माध्यम से ग्राहक जुड़ाव या डेवलपर दक्षता में कितना सुधार किया है?
स्पार्की का उपयोग शुरू होने से पहले की तुलना में हमारे बास्केट का आकार 35 प्रतिशत बढ़ गया है। वाइबे, जिसका हमारे इंजीनियर आंतरिक रूप से उपयोग करते हैं, ने हमें एक खास तरीके से बहुत मदद की है, जिसे हम 'प्लेटफॉर्म-आधारित डेवलपमेंट' कहते हैं।

आपके इंडिया टेक सेंटर ने जो सबसे बड़े काम किए हैं, उनमें से एक कौन-सा है?
हमने जिन क्षेत्रों में काम करना शुरू किया, उनमें से एक हमारी कैटलॉगिंग से जुड़ा है। हम अलग-अलग तरह के लाखों उत्पाद बेचते हैं। जब हमारे आपूर्तिकर्ता हमें बताते हैं, तो कई बार वह अधूरी या गलत होती है। सही जानकारी का पता लगाने और उसे ठीक करने में बहुत मेहनत लगती थी।

क्या और भी कहीं एआई का इस्तेमाल बहुत जरूरी हो गया है?
अब हम देख रहे हैं कि एआई उन क्षेत्रों में भी आ रहा है जहां पहले ऐसी क्षमताएं नहीं थीं। यह मुख्य रूप से दो चीजों से जुड़ा है। एक तो यह कि अलग-अलग कार्य प्रवाह के बीच तालमेल बिठाया जा सके। उदाहरण के लिए, आपूर्ति श्रृंखला को ही ले लीजिए। हमने लास्ट-माइल डिलिवरी को एक अलग इकाई के रूप में बनाने का प्रयोग किया है।

कैफे-3 : सस्ते इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा बढ़ावा!

पृष्ठ 1 का शेष

ईंधन खपत का निर्धारित मानक 2027-28 में 3.996 लीटर प्रति 100 किलोमीटर से घटकर 2031-32 में 3.3273 लीटर प्रति 100 किलोमीटर हो जाएगा।

इस ढांचे में लक्ष्य हासिल करने के कई उपाय दिए गए हैं। इनमें विद्युतीकरण, वैकल्पिक ईंधन, ईंधन बचाने वाली तकनीकें और अनुपालन क्रेडिट शामिल हैं। ईवाई-पार्थेनन में पार्टनर सोम कपूर, प्रतीक शाह और अनीश अजयन ने कहा कि वाहन विनिर्माता पारंपरिक आईसीई वाहनों में ईंधन दक्षता बढ़ाने वाली तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ाने के साथ हाइब्रिड, फ्लेक्स-फ्यूल और इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार कर सकते हैं। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सायम के अध्यक्ष शेनु अग्रवाल ने सालाना लक्ष्यों को महत्त्वाकांक्षी बताया। हालांकि उन्होंने कहा कि कई तकनीकी विकल्प उपलब्ध होने से वाहन विनिर्माताओं को निवेश और नवाचार के मामले में अधिक निश्चितता मिलेगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी शैलेश चंद्रा ने कहा कि शून्य-उत्सर्जन तकनीक को मान्यता मिलने से भारत के दीर्घकालिक कार्बन उत्सर्जन घटाने के उद्देश्यों में विद्युतीकरण की भूमिका मजबूत होती है। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा में ऑटोमोटिव बिजनेस के प्रेसिडेंट आर वेलुसामी ने इस ढांचे को पर्यावरण संबंधी जरूरतों और उद्योग की क्षमता के बीच 'व्यावहारिक संतुलन' बताया।

मारुति सुजूकी के कॉरपोरेट मामलों के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा कि नियम में कई तरह के पावरट्रेन और ईंधन को मान्यता दी गई है, जिससे बहुआयामी अनुसंधान एवं विकास और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड

और कार्यकारी उपाध्यक्ष विक्रम गुलाटी ने भी कई तकनीकी विकल्पों वाले दृष्टिकोण का समर्थन किया। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी पीयूष अरोड़ा ने कहा कि कैफे-3 के तहत पूरे वाहन बेड़े की दक्षता पर और अधिक पैनी नजर रखनी होगी। ह्युंडै मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी तरुण गर्ग ने कहा कि कंपनी पहले ही अगले चार से पांच वर्षों में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो के 50 फीसदी से अधिक हिस्से को ईवी, हाइब्रिड और सीएनजी जैसी हरित तकनीक पर आधारित बनाने की प्रतिबद्धता जता चुकी है। इस ढांचे में दिया गया लचीलापन ही उन लोगों की आलोचना का कारण भी बना है, जिनका मानना है कि नियमों के जरिये उद्योग को ईवी की दिशा में अधिक निर्णायक रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए था। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्याधिकारी अमिताभ कांत ने अंतिम नियमों को 'बड़ा गंवाया हुआ अवसर' बताया। उन्होंने कहा कि ये नियम 'सबसे खराब स्थिति में प्रतिगामी और सबसे अच्छी स्थिति में यथास्थिति बनाए रखने वाले' हैं।

कांत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'यह नियम उद्योग का नेतृत्व करने के बजाय उसके पीछे चल रहा है। ईवी को कई विकल्पों में से एक बना दिया गया है जबकि उन्हें अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।' उन्होंने तर्क दिया कि 2032 तक कारों की बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 11 फीसदी का लक्ष्य पर्याप्त महत्त्वाकांक्षी नहीं है जबकि चालू वित्त वर्ष में ईवी की हिस्सेदारी पहले ही करीब 8 फीसदी तक पहुंच चुकी है।

कैफे-3 के लिए ईंधन दक्षता मानदंड मंजूर

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 30 सितंबर

कई मसौदों, गहन चर्चाओं और पिछले 27 महीनों में कार निर्माताओं के बीच चली खींचतान के बाद आखिर विद्युत मंत्रालय ने मंगलवार देर रात कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करने के लिए कॉरपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (कैफे-3) यानी कैफे मानदंडों को अधिसूचित कर दिया। नए मानदंड अप्रैल 2027 से प्रभावी होंगे और मार्च 2032 तक लागू रहेंगे। अंतिम अधिसूचना से यह साफ हो गया है कि अब छोटी कारों को अलग से कोई रियायत नहीं मिलेगी। भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता और देश की प्रमुख छोटी कार विक्रेता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआईएल) ने इस तरह की राहत के लिए जबरदस्त पैरवी की थी। सितंबर 2025 के मसौदे में 909 किलोग्राम तक वजन वाली पेट्रोल कारों को 3 ग्राम प्रति किलोमीटर की विशेष छूट दिए जाने का प्रावधान था। प्रस्ताव के तहत निर्माता के कैफे प्रदर्शन की गणना करते समय ऐसी कारों के कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन आंकड़े से 3 ग्राम प्रति किलोमीटर की कटौती की जाती।

छोटी कारों को नहीं मिली छूट, अप्रैल 2027 से लागू होंगे और मार्च 2032 तक रहेंगे ये नियम

टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर जैसे प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं सहित कई अन्य ऑटोमोबाइल कंपनियों ने इस छूट का कड़ा विरोध किया था। उनका तर्क था कि इससे इस खंड में प्रभुत्व रखने वाले एक विशेष कार कंपनी को ही अनुचित रूप से लाभ मिलेगा। यह विवाद बढ़ते हुए अंततः प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया। सरकार ने कोई छूट देने के बजाय प्रत्येक कार निर्माता के लिए कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन लक्ष्य की गणना में उपयोग किए जाने वाले कैफे इक्वेशन को बदलकर विवाद सुलझा लिया है।

e-Tender Notice

The Administrator Officer, Murshidabad Municipality, invites e-Tender through e-Procurement System from the bonafied and resourceful Contractors & outsiders for NIeT Nos. **i)** 534 / MM / NIeT / 2026-27 **ii)**535/MM/NIeT/2026-27 **iii)** 536/MM /NIeT/2026-27 **iv)** 541 / MM / NIeT / 2026-27. **v)** 542 / MM / NIeT / 2026-27 **vi)** 543 / MM / NIeT / 2026-27 **vii)** 544 / MM / NIeT / 2026-27.All Dated: - 30/09/2026. For more details please visit http://tenders.wb.gov.in

Sd/-
Administrator Officer,
Murshidabad Municipality

NOTICE INVITING e-TENDER

Sealed Tenders are hereby invited from the eligible contractors in connection with the execution of 1 no of scheme for road works under NIeT No. **10/WBSRDA/MD/2026-27 [2nd Call]** of Executive Engineer, WBSRDA, Murshidabad Division. The details will be available in the website **htpp://wbtenders.gov.in.**

Sd/-
Executive Engineer
WBSRDA,
Murshidabad Division

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A Navratna Undertaking of Govt. of India)
एरिया–II कार्यालय, एनएसआईसी, न्यू एमडीबीपी भवन, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली–110020

सार्वजनिक नीलामी/निविदा सूचना – ई–नीलामी के माध्यम से
क्लीयर न किए गए/अदावाकृत कार्गों का निपटान करना

कॉनकॉर द्वारा एरिया–II के विभिन्न टर्मिनलों पर कंटेनर/माल (EXIM के लिए CBIC के प्रचलित दिशा–निर्देशों के अनुसार) की ई–नीलामी दिनांक **12.10.2026 (सोमवार)** को **"जहाँ है, जैसा है"** तथा **"बिना किसी शिकायत के आधार पर"** आयोजित की जाएगी। कॉनकॉर की ओर से मैसर्स MSTC द्वारा ई–नीलामी आयोजित की जा रही है। नीलामी की विस्तृत विवरण, निबंधन एवं शर्तों के लिए कृपया **www.concorindia.co.in** एवं **www.mstcecommerce.com** पर लॉग इन करें। सभी संबंधित पक्ष, जिनके कंटेनर/माल किसी विवाद, न्यायालय/न्यायाधिकरण/अन्य प्राधिकरण द्वारा लगाए गए स्थगन आदेश अथवा किसी अन्य कारण से लंबित/अदावाकृत हैं तथा वेबसाइट पर अपलोड की गई उक्त सूची में शामिल हैं, वे इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर एरिया–II/कॉनकॉर के क्षेत्र प्रमुख तथा संबंधित स्थान के सीमा शुल्क आयुक्त को इसकी सूचना दें। ऐसा न करने की स्थिति में उक्त माल को बिना किसी अतिरिक्त सूचना के नीलाम कर दिया जाएगा।

संदर्भ: CON/A-II/AUIF/Auction/2026-27/02 क्षेत्र प्रमुख, एरिया–II

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
TATA POWER-DDL
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. ऑफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे कैम्प, दिल्ली–110009
CIN No. U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट: tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित Oct 01, 2026

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु)	बोली दस्तावेज की बिक्री	बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय
TPDDL/ENGG/ENQ/200002013/26-27 Rate Contract for Supply of 4G based 3-Ph Smart Meters	18.75 Crs/ 14.10 Lacs	01.10.2026	22.10.2026;1600 Hrs/ 22.10.2026;1730 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200002011/26-27 Rate Contract for Hardware for 11 kV Covered Conductor	1.10 Crs/ 1.66 Lacs	05.10.2026	27.10.2026;1500 Hrs/ 27.10.2026;1530 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com** → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents

शिव सीमेंट के 41 शेयरों के बदले जेएसडब्ल्यू सीमेंट के 5 शेयर

जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने बुधवार को अपनी सूचीबद्ध सहायक कंपनी शिव सीमेंट के विलय की योजना की घोषणा की। प्रस्तावित योजना के तहत जेएसडब्ल्यू सीमेंट उन शेयरधारकों को शिव सीमेंट के 2 रुपये फेस वाले हर 41 इक्विटी शेयरों के बदले 10 रुपये फेस वाले 5 इक्विटी शेयर जारी करेगी। *बीएस*

बच्चों में मोटापे की दवा लाना चाहती है नोवो

गंभीर बीमारियों से निपटने के लिए सरकारी सहायता की वकालत

सोहिनी दास
मुंबई, 30 सितंबर

भारत में बच्चों और किशोरों में मोटापे की समस्या से निपटने के लिए डेनमार्क की दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क पायलट परियोजनाओं के तहत काम करने की योजना बना रही है। साथ ही कंपनी ने गंभीर पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए सरकार से वित्तीय सहायता की पुरजोर वकालत की है, क्योंकि वह देश में व्यापक स्तर पर नई दवाएं उपलब्ध कराना चाहती है।

बिज़नेस स्टैंडर्ड से बातचीत में नोवो नॉर्डिस्क के इंटरनैशनल ऑपरेशंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष एमिल कॉन्गशो लार्सन ने कहा कि यदि मोटापे पर शुरुआत में ही काबू पा लिया जाए तो आगे चलकर बड़े स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं, क्योंकि मोटापे से ग्रस्त बच्चों और किशोरों को बड़े होने पर मधुमेह एवं हृदय रोग जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।

लार्सन ने कहा, 'पायलट परियोजना से हम यह भी देखना चाहते हैं कि मोटापे से ग्रस्त बच्चों और किशोरों को आगे चलकर या आने वाली पीढ़ियों को इससे कैसे बचाया जा सकता है।' उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्यों का खासकर मधुमेह के इलाज के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी के बारे में सकारात्मक रुख है। इस मदद से इन बीमारियों के नए इलाज शुरू करने में मदद मिल सकती है।

लार्सन ने गंभीर बीमारियों के इलाज में सरकारी धन की बड़ी भूमिका बताई और कहा कि इसे फौरी तौर पर खर्च को वहन करने के साथ-साथ समाज के लिए एक बड़े निवेश के तौर पर भी देखा जाना चाहिए।

नोवो नॉर्डिस्क की सेमाग्लूटाइड जून 2025 में और वेगोवी उसी वर्ष दिसंबर में बाजार में उतारे जाने के बाद से भारत में इसकी मांग बढ़ रही है।

इस साल मार्च में सेमाग्लूटाइड के पेटेंट की समाप्ति के बाद बाजार एक नए चरण में प्रवेश कर गया, जिससे भारतीय दवा निर्माताओं के लिए कम कीमत वाली दवा बनाने का रास्ता साफ हुआ।

'पायलट परियोजना से हम यह भी देखना चाहते हैं कि मोटापे से ग्रस्त बच्चों को बड़े होने पर या आने वाली पीढ़ियों को इससे कैसे बचाया जा सकता है।'

एमिल कॉन्गशो लार्सन,
कार्यकारी उपाध्यक्ष, इंटरनैशनल ऑपरेशंस, नोवो नॉर्डिस्क

pnb Housing Finance Limited
पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001
फोन नं. : 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा कार्यालय : दुसरा तल, होम सिलेक्ट, कटचेरी चौक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर, रांची, झारखण्ड – 834001

जैसा कि, अधोहस्ताक्षरी ने पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के अंतर्गत एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अनुपालन में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना प्रत्येक खाता के समक्ष नीचे वर्णित तिथि को जारी कर संबंधित ऋणधारकों को उक्त सूचना(ओं) की तिथि/उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था। ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित तिथि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय उस राशि तथा ऋण अनुबंधों के अनुसार उस पर ब्याज के लिए पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा। ऋणधारकों का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट किया जाता है।

ऋण खाता संख्या	ऋणधारक/सह–ऋणधारक/गारंटर का नाम	मांग सूचना की दिनांक	बकाया राशि	कब्जा प्राप्त की दिनांक	बंधक सम्पत्ति/यों का विवरण
NHL/TATA/ 0119/637368 शाखा : रांची	**किशन किशोर सिंह, प्रभावती देवी**	13/07/2026	**रुपये 35,46,952.20/–** बकाया 13/07/2026 तक	सांकेतिक / 26.09.2026	वह सभी फ्लैट सं.–3 सी, तीसरा तल, ब्लॉक बी, जिसका क्षेत्र 1596 वर्ग फुट संग एक कार पार्किंग स्थान विजेता एन्क्लेव भवन में, यानी आर.एस. प्लॉट सं. 60,61 और 54 अंतर्गत खाता सं. 11 और 177, पालिका होल्डिंग सं. 1850/ए10, वार्ड सं. 8, नया वार्ड सं. 35 रांटी नगर पालिका रांची ग्राम हेहाल, पी.एस .सुवदेव नगर, थाना सं. 203, जिला रांची संग साझा स्थान पर मनोरंजन अधिकार, **बटान और सीमांकन निम्न प्रकार– उत्तर :** आर.एस प्लॉट सं. 60 और 64/हिस्सा, **दक्षिण:** आर.एस प्लॉट सं. 60 और 64/हिस्सा, **पूर्व :** हरिहर प्रसाद (फ्लैट सं. 3ई), **पश्चिम :** अनिल कुमार सिंहा (फ्लोट सं. 3ए)

स्थान : रांची **दिनांक : 01.10.2026** **प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. ऑफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे कैम्प, दिल्ली–110009
CIN No. U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट: tatapower-ddl.com

निविदा सूचना आमंत्रित Oct 01, 2026

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण	अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु)	बोली दस्तावेज की बिक्री	बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय
TPDDL/ENGG/ENQ/200002013/26-27 Rate Contract for Supply of 4G based 3-Ph Smart Meters	18.75 Crs/ 14.10 Lacs	01.10.2026	22.10.2026;1600 Hrs/ 22.10.2026;1730 Hrs
TPDDL/ENGG/ENQ/200002011/26-27 Rate Contract for Hardware for 11 kV Covered Conductor	1.10 Crs/ 1.66 Lacs	05.10.2026	27.10.2026;1500 Hrs/ 27.10.2026;1530 Hrs

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website **www.tatapower-ddl.com** → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents

कोलकाता संस्करण : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक जय हरगोविंददास सरैया द्वारा सरस्वती प्रिंट फैक्टरी प्राइवेट लिमिटेड, 789, चौभागा वेस्ट, पोस्ट ऑफिस-तिलजला, कोलकाता-700105, प. बंगाल से मुद्रित एवं बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ एपीजे बिजनेस सेंटर, 15 पार्क स्ट्रीट, एपीजे हाउस, ब्लॉक-सी, 8वां तक, कोलकाता 700016, प. बंगाल से प्रकाशित। संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. WBHIN/2008/24333 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।

सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं